महात्मा गाँधी एवं लालबहादुर शास्त्री जी का जयंती समारोह

“ यह दो अक्टूबर का दिन है बड़ा महान

आज के दिन ही दो फूल खिले थे

जिनसे महका हिन्दुस्तान ”

सेंट मोटफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी एवं युगपुरूष लालबहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर विशेष प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स एवं उपप्राचार्य ब्रदर जॉन मिज ने दीप प्रज्जवजित कर प्रार्थना सभा की शुरूआत की। इसके पश्चात प्राचार्य व उपप्राचार्य महोदय ने दोनों महापुरूषों के चित्रों पर पुष्पहार समर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके पश्चात सर्वधर्म प्रार्थना व शांति पाठ किया गया ,जिसमें विद्यालय के प्राचार्य सहित, सभी शिक्षक – शिक्षिकाओं व छात्र– छात्राओं ने भाग लिया। विद्यालय के प्राचार्य ब्रदर टी. एलेक्स ने राष्ट्र पिता महात्मा गाँधी एवं युगपुरूष लालबहादुर शास्त्री जी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए यह संदेश दिया कि इन महापुरूषों द्वारा बताए गए आदर्शो को अपना कर ही उन्हे सच्ची श्रद्धांजलि दी जा सकती है। साथ ही उन्होने छात्रों को प्रार्थना का महत्व बताते हुए कहा कि प्रार्थना में अद्भुत शक्ति होती है। यह हमारा साक्षात्कार ईश्वर से कराती है। अतः हमें प्रतिदिन कुछ समय प्रार्थना अवश्य करनी चाहिए ।